# स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह आरएपीटीसी मैदान पर



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक राजबाड़ा पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है.

- कलेक्टर करेंगे ध्वजारोहण, लेंगे परेड की सलामी
- विभिन्न सरकारी दफ्तरों में भी होगा झंडावंदन

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** स्वतंत्रता दिवस पर शहर के विभिन्न सरकारी दफ्तरों में स्कूलों में झंडावंदन होगा. मुख्य कार्यक्रम आरएपीटीसी पुलिस मैदान पर होगा. कलेक्टर परेड की सलामी लेंगे. कई सालों बाद ऐसा मौका आया है कि स्वतंत्रता दिवस पर बिना जनप्रतिनिधि के एक प्रशासकीय अधिकारी परेड की सलामी लेंगे और ध्वजारोहण करेंगे.

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुबह 8 बजे संभागायुक्त दीपक सिंह मोती बंगला कार्यालय पर झंडावंदन करेंगे और सम्मान समारोह में भाग लेंगे. इसी तरह कलेक्टर आशीष सिंह सुबह 8.30 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में और उसके बाद सुबह 9 बजे स्वतंत्रता दिवस के मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे. स्वतंत्रता दिवस का मुख्य सम्मान समारोह और परेड आरएपीटीसी पुलिस ग्राउंड पर आयोजित होगा. कलेक्टर आशीष सिंह सलामी लेंगे. उसके बाद ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान और फिर आयोजित सम्मान समारोह में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित करेंगे. नगर निगम परिसर में महापौर पुष्यमित्र भार्गव और आयुक्त शिवम वर्मा सुबह 8 बजे झंडावंदन करेंगे. आईडीए में सीईओ रामप्रकाश अहिरवार सुबह 9 बजे झंडावंदन समारोह में भाग लेंगे.

### जनता से सहभागिता की अपील

कलेक्टर आशीष सिंह ने इंदौर जिले के नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी हैं. कलेक्टर सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व हमारे लिए बहुत खास है. जिस तरह से इंदौर लगातार कई मामलों में नंबर वन है, उसी तरह हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान में भी नंबर वन बने, इसके लिए कलेक्टर ने इंदौर की जनता से सक्रिय सहभागिता की अपील की है.

# संभागायुक्त ने बच्चों के साथ की मस्ती की पाठशाला

## एआईसीटीएसएल की पुरानी बस को मोडिफाई कर बनवाया विद्यालय, श्रमिकों के बच्चे पढ़ेंगे

**इंदौर.** संभागायुक्त दीपक सिंह की पहल से एआईसीटीएसएल की मरम्मत योग्य बस को एक सुंदर व सुव्यवस्थित विद्यालय का स्वरूप दिया गया। अब यह बस नगर के ऐसे बच्चों के लिए विद्यालय का काम करेगी, जो बच्चें किन्हीं कारणों से स्कूल नहीं जा पा रहें है. यह विद्यालय एक सामाजिक संस्था और नगर के विख्यात स्कूल में शिक्षा दे रही माधुरी मोयदे के द्वारा संचालित किया जाएगा.


गुरुवार को सम्भागायुक्त श्री दीपक सिंह ने स्मार्ट सिटी कार्यालय में ऐसे बच्चों के साथ मस्ती की पाठशाला आयोजित करते हुए उन्हें इस विद्यालय की सौगात दी. सम्भागायुक्त श्री सिंह ने इस विद्यालय का फीता भी ऐसी ही बालिका छाया से शुभारम्भ खुलवाया. इस दौरान उन्होंने कहा कि गरीब बस्तियों में रहने वाले



श्रमिकों के बच्चे अब एक ऐसे विद्यालय में पढ़ेंगे, जिसका निर्माण एआईसीटीएसएल की जर्जर बस को मोडिफाई करके तैयार किया गया है. इस बस को धार के इंजीनियर अजीत ने बड़ी कुशलता के साथ इस तरह तैयार किया है कि इसमें बच्चे आराम के साथ न केवल बैठ सकते है, वरन अपनी किताबों के साथ अध्ययन भी कर सकते है. पूरी बस को बहुत ही आकर्षक और सुविधाजनक रूप से तैयार किया गया है. संभागायुक्त ने कहा कि इस बस के मिल जाने के बाद अब बच्चों को भर गर्मी, बरसात और सर्द कड़ाके की ठंड में भी खुले आसमान के नीचे नहीं बैठकर अध्ययन नहीं करना पड़ेगा. कार्यक्रम माधुरी मोयदे ने बताया कि बीते कुछ वर्षों से मैं श्रमिक बस्तियों में रहने वाले ऐसे बच्चों को नि:शुल्क पढ़ा रही हूँ, जो बच्चे आर्थिक तंगी के कारण स्कूल जाने में असमर्थ है.

### पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम के प्रेरक प्रसंग सुनाए

नगर निगम और एआईसीटीएसएल के सहयोग से प्राप्त हुई विद्यालयनुमा बस प्राप्त हुई जो अब पढ़ाई में काम आएगी. इसमें ब्लैक बोर्ड के साथ ही कुर्सी और टेबल भी बनाई गई है. इस मौके पर एआईसीटीएसएल के प्रतिनिधि श्री रोहित तथा सोशल वेलफेयर सोसायटी की प्रमुख माधुरी मोयदे विशेष रूप से उपस्थित थे. इस अवसर पर संभागायुक्त श्री सिंह ने विभिन्न बस्तियों में रहने वाले बच्चों के साथ संवाद करते हुए उन्हें पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए उनसे सीख लेने के लिए उन्हें प्रेरित किया. साथ ही 15 अगस्त स्वाधीनता दिवस के महत्व के बारे में बताया और तिरंगे के साथ फोटो भी खिंचवाये. यह आयोजन नेहरू पार्क स्थित स्मार्ट सिटी के परिसर में आयोजित किया गया था.



अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/ul पर विजिट करें
फ़ीडबैक देने के लिए, rbikehtahai@rbi.org.in को लिखें
जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in



आज़ादी की 79वीं वर्षगांठ पर स्वदेशी से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लें



**आर्थिक आज़ादी** ऑक्सफैम ग्लोबल यू.के. एवं अन्य स्रोतों के सर्वे के अनुसार, 1765 से 1900 के बीच विदेशी कंपनियों और आक्रांताओं ने भारत से 100 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की लूट की। आज भी हर साल विदेशी कंपनियाँ व्यापार के नाम पर देश से हजारों–लाखों करोड़ रुपए विदेश ले जाती हैं। स्वामी जी स्वदेशी के माध्यम से इस लूट को रोकने और भारत को आर्थिक महाशक्ति की ओर ले जाने के लिए संकल्पित हैं। **अर्थ से परमार्थ (Prosperity for Charity):** पतंजलि ने 100% लाभ भारत माता की सेवा में लगाया है, लगा रहे हैं और आगे भी लगाएंगे। आज स्वतंत्रता दिवस पर 100% स्वदेशी को अपनाने का व्रत लेकर शहीदों के सपनों का भारत बनाएं।

**शिक्षा की आज़ादी** 1835 में मैकाले द्वारा स्थापित गुलामी की शिक्षा व्यवस्था को तोड़ें। भारतीय शिक्षा बोर्ड से अपने विद्यालयों को जोड़ें (Affiliate करें)। अपने बच्चों को BSB से सम्बद्ध विद्यालयों में ही पढ़ाने का व्रत लेकर दिव्य व्यक्तित्व, नेतृत्व व चरित्र से युक्त युवा पीढ़ी के निर्माण के लिए सब साथ आएं, शिक्षा की गुलामी से भारत माता को आज़ादी दिलाएं।

**चिकित्सा की आज़ादी** ड्रग माफिया व मेडिकल माफिया का षड्यंत्र नाक़ामयाब हुआ है, अन्ततः सत्य की विजय हुई। बीमारियों को मेन्टेन करने के लिए सिंथेटिक दवाइयों को बायकॉट कीजिए। योग, आयुर्वेद से बीमारियों को जड़ से मिटाने के लिए देश भर में फैले 10 हजार से अधिक पतंजलि सेन्टर्स में चिकित्सा का लाभ लीजिए। पतंजलि की रीसर्च एवं एविडेंस बेस्ड मेडिसिन्स को अपनाइए। नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श के लिए सम्पर्क कीजिए: **1800 296 1111**
श्रेष्ठतम् इंटीग्रेटेड ट्रीटमेन्ट के लिए पतंजलि वेलनेस, योगग्राम, निरामयम में आइए। बुकिंग के लिए सम्पर्क करें: **8954666111, 8954666222** (प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक)

**वैचारिक व सांस्कृतिक आज़ादी** सनातन धर्म के शाश्वत मूल्यों, आदर्शों व सिद्धान्तों को जन–जन की जीवनशैली बनाकर सनातन धर्म को युग धर्म के रूप में स्थापित करने के लिए पतंजलि संस्था व संगठन से जुड़ें। योगगुरू स्वामी रामदेव जी को प्रतिदिन प्रातः 5:00 से 7:30 व रात्रि 8:00 बजे आस्था LIVE चैनल व रोज सुबह 7:56 बजे INDIA TV चैनल एवं रात्रि 9:00 बजे संस्कार THE CHANNEL OF INDIA हमारी संस्कृति हमारी विरासत पर देखें।




**डेन्टल केयर** देश का नं. 1 टूथपेस्ट व फ्रेशनेस का नया अवतार दन्त कान्ति फ्रेश एक्टिव जैल।




**हेयर केयर** जड़ी–बूटियों की ताक़त से प्राकृतिक पोषण देकर हेयर फॉल व डैंड्रफ आदि से मुक्ति दिलाए।




**पर्सनल केयर** एलोवेरा, हल्दी, गुलाब आदि के गुणों से त्वचा में पाएं प्राकृतिक निखार।




**फूड प्रोडक्ट्स** देश का नं. 1 काउ मिल्क बिस्किट, हेल्दी कुकीज़ व नूडल्स, मैदा व ट्रांस फैट रहित। देश का नं. 1 गाय का घी, सरसों तेल व राइस ब्रान ऑयल आदि हेल्दी प्रोडक्ट्स।




**हेल्थ केयर** पतंजलि की किसी दवा पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है। हमारी सभी औषधियां पतंजलि केन्द्रों व मुख्य स्टोर्स पर उपलब्ध हैं।




**होम केयर** हानिकारक केमिकल से बने उत्पादों का बहिष्कार करें। पतंजलि के स्वदेशी व सात्विक उत्पादों को अपनाकर देश सेवा में योगदान दें।